मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 26 मार्च 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	27/03/19	28/03/19	29/03/19	30/03/19	31/03/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	35	35	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	19	19	20	19	19
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	1	1	2	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	74	75	74	75	76
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	23	25	23	25	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	6	8	5	4
हवा की दिशा	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण	उत्तर–उत्तर–पश्चिम	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
जीरा, मैथी, सरसों, चना, गेहूँ	कटाई	आगामी पांच दिनों मे मौसम साफ रहने की सम्भावना है। पकी हुई रबी फसलें जैसे जीरा, मैथी, सरसों, चना आदि की कटाई व थ्रैसिंग का कार्य पूरा करें।
अनाज का सुरक्षित भण्डारण		अनाज का सुरक्षित भण्डारण– भण्डारण से पूर्व अनाज को अच्छी तरह सुखा लें तथा अनाज को अच्छी तरह साफ करने के बाद ही बोरियों, ड्रम या कोठी में भरें। जहॉ तक सम्भव हो नई बोरियां ही प्रयोग में लें तथा पुरानी बोरियों को धूप में अच्छी तरह सुखाकर ही प्रयोग में लें। भण्डार गृह में बोरियां रखने से पहले भण्डार गृह की अच्छी तरह सफाई करें तथा फर्श एंव दिवार के टूटे होने पर सीमेन्ट या गोबर से लीप कर सभी छिद्रोको बन्द कर दें। भण्डार गृह में बोरियां रखने से पूर्व 0.5 प्रतिशत मैलाथियॉन का घोल बनाकर 3 लीटर प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से छिडकाव करें।
पशु		पशुओं में खुर एवं मुंहपका रोग के प्रति टीकाकरण कराएं। रोगी पशु के छालो को 0.1 प्रतिशत लाल दवा के घोल से धोएं।

(नौडल ऑफीसर)